सामाजिक सुरक्षा पेंशनर का मोबाइल एप्प के माध्यम से वार्षिक भौतिक सत्यापन हेतु **USER MANUAL**

वृद्धजन

दिव्यांगजन

एकल नारी

कृषक

विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे लाभार्थियों को प्रति वर्ष भौतिक सत्यापन करवाया **(Annual Physical Verfication)** जाना आवश्यक होता है, इसके अभाव में पेंशन योजनाओं के नियमानुसार पेंशन का भुगतान रोक दिया जाता है।

वार्षिक भौतिक सत्यापन हेतु वर्तमान प्रक्रियाएँ

1.

e-mitra™
Effective Governance ®
Better Citizen Services

ई—मित्र केन्द्र के माध्यम से पेंशनर के बॉयोमैट्रिक Thumb Impression द्वारा

2.

ई—मित्र द्वारा विकसित मोबाइल एप्प के माध्यम से पेंशनर के बॉयोमैट्रिक द्वारा

3.

यदि बॉयोमैट्रिक आधारित सत्यापन नहीं हो रहा है तो संबंधित स्वीकृतिकर्ता अधिकारी के कार्यालय द्वारा पेंशनर के आधार से जुडे मोबाइल पर ओटीपी प्रेषित कर

मोबाइल एप्प के माध्यम से
वार्षिक भौतिक सत्यापन संबंधी प्रक्रिया

(यह कार्य किसी भी एन्ड्राइड फोन के द्वारा किया जा सकता है, इसके लिए फोन धारक का पेंशनर होना आवश्यक नही है)

Step: 1

- एन्ड्राइड मोबाइल पर प्ले स्टोर अथवा ssp.rajasthan.gov.in पोर्टल से RAJSSP मोबाइल एप्प को इन्स्टाल करना होगा।

Step: 2

RAJSSP के साथ–साथ उस ही एन्ड्राइड मोबाइल पर प्ले स्टोर से FACE RD APP को भी इन्स्टाल करना होगा, इन्स्टाल होने के बाद इस एप्प का Icon आपके मोबाइल पर दिखाई नहीं देगा, परन्तु आवश्यकतानुसार अपना कार्य करता रहेगा।



Step: 3

पेंशनर के वार्षिक भौतिक सत्यापन का कार्य करने के लिए RAJSSP एप्प को प्रारम्भ (Open) करना होगा एवं "वार्षिक सत्यापन" के आईकॉन पर क्लिक करना होगा। इस एप्प के माध्यम से निम्न कार्य भी हो सकेंगे:–

1. पेंशन योजनाओं के संबंध में जानकारी
2. पेंशन योजना हेतु पात्रता (Eligibility)
3. पेंशनर के आवेदन की स्थिति
4. पेंशनर का भुगतान लेजर

Step: 4

वार्षिक सत्यापन हेतु ओटीपी प्राप्त करना

- ओटीपी प्राप्त करने के लिए इस प्रकार से मैसेज प्रदर्शित होगा।

- ओटीपी एन्टर करने के उपरान्त Get Detail पर क्लिक करना होगा



Step: 5

- वार्षिक सत्यापन पर क्लिक करने के उपरान्त **"आवेदन क्रमांक"** (PPO Number) अंकित करना होगा एवं विवरण देखें पर क्लिक करना होगा।



Step: 6

पेंशन पोर्टल पर उपलब्ध पेंशनर का डाटा इस प्रकार प्रदर्शित होगा। इस एप्प के द्वारा पेंशनर का फेस के माध्यम से वार्षिक भौतिक सत्यापन किए जाने के लिए **Face Capture** पर क्लिक करना होगा।

Step: 7

- फेस केप्चर पर क्लिक करने पर मोबाइल का फ्रंट कैमरा ऑन हो जाता है, इस प्रक्रिया के समय मोबाइल को स्थिर रखना होगा एवं जिस पेंशनर का सत्यापन किया जाता है उन्हें अपनी आंखें टिमटिमानी होगी।



Step: 8

- जैसे ही पेंशनर का फेस आधार पोर्टल से सत्यापित हो जाएगा कैमरा स्वतः ही बन्द हो जाएगा एवं संलग्न स्क्रीन प्रदर्शित होगा, जिस पर पेंशनर को सत्यापन प्रक्रिया के दौरान पूर्ववत पूछे जाने वाले प्रश्न प्रदर्शित होंगे। जिनका पेंशनर द्वारा दिए गए उत्तर को एप्प के माध्यम से संकलित किया जाएगा। अन्त में "सत्यापित" बटन पर क्लिक करना होगा।

Step: 9

- "सत्यापित" बटन पर क्लिक करने के उपरान्त संलग्न स्क्रीन प्रदर्शित होगी जिस में लिखा है कि "सत्यापन सफलतापूर्वक हो गया है"।



Step: 10

- इस प्रकार सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। इसके उपरान्त पेंशनर सत्यापन संबंधी इस प्रकार की स्लिप प्राप्त होगी।